हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 स्वदेशी वस्तुएं हमारी संस्कृति का प्रतीक ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर...



12 जनता की आवाज मुखर करेगी 14 की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली



## खबर संक्षेप

### एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने किया रोष प्रदर्शन

**बरवाला।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ द्वारा बिजली बोर्ड बरवाला के प्रांगण में केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर सरकार की गलत ऑनलाइन ट्रांसफर्स पॉलिसी और गलत नीतियों के विरोध में रोष प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुनील सोथा ने की और मंच का संचालन सचिव दीपक भारद्वाज ने किया। सब यूनिट प्रधान सुनील सोथा ने कहा कि सरकार बिल्कुल कर्मचारी विरोधी है और कर्मचारियों पर जबरन गलत तरीके से ये नीतियां थोप रही है।

### दसवीं की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि 24 अक्टूबर की दोपहर बाद वह स्कूल से परीक्षा देकर घर आई थी। घर पर वह अकेली थी और उसी समय पड़ोसी जंगजीत उर्फ जग्गू उनके घर सब्जी लेने के बहाने आया। मुझे घर पर अकेला पाकर आरोपी ने उसे बैड पर गिरा दिया और बलात्कार करने लगा। जब मैं शोर मचाने लगी तो आरोपी ने उसे थप्पड़ भी मारे और धमकी दी कि अगर आवाज भी निकाली तो तुझे यहीं जान से मार दूंगा।

### फर्जी जमानत देने वाले को किया गिरफ्तार

**हांसी।** अनाज मंडी पुलिस चौकी ने फर्जी जमानती बनकर जमानत करवाने वाले आरोपी हिसार के कुलेरी गांव निवासी रमेश व अनिल को गिरफ्तार किया है। अनाज मंडी पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने वर्ष 2024 में धोखाधड़ी मामले में जेल में बंद बिहार हेम नारायण तिवारी के फर्जी जमानती बनकर जमानत करवाई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### 5.41 लाख की धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी काबू

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने टॉस्क पुरा करने के नाम पर 5.41 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों ग्वालियर के बिरला नगर कॉलोनी निवासी मोहन व हजिरा निवासी अनिकेत को गिरफ्तार किया है। एसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े आरोपियों ने कुछ दिनों पहले गांव कागसर निवासी योगेश के मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर टॉस्क पूरा करने के नाम पर 5.41 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, सचिव ने की समीक्षा

**हिसार।** इस वर्ष की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को आयोजित की जाएगी। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से समीक्षा बैठक की।

### हिसार के 2 खिलाड़ियों को मिला भारत गौरव अवार्ड

**हिसार।** कालीरमण फाउंडेशन, सिसाय के तत्वावधान में आयोजित भारत गौरव सम्मान समारोह के दौरान जिला के दो खिलाड़ियों व एक समाजसेविका सहित खेल, शिक्षा, समाजसेवा, व्यापार आदि में अपने उत्कृष्ट योगदान से देश और विदेश में भारत का परचम लहराया है, ऐसे 31 लोगों को भारत गौरव सम्मान से नवाजा गया है। सिसाय निवासी व फाउंडेशन के संस्थापक एडवोकेट सुरेंद्र कालीरामन ने बताया कि न्यू दिल्ली में आयोजित समारोह हिसार की कुश्ती पहलवान पूजा सिहाग व लाडवा के नवीन पूनिया को भारत गौरव से सम्मानित किया।

---

कॉलेज विवाद पर अढ़ाई घंटे तक चली सुनवाई के दौरान हाथापाई तक पहुंची नौबत, पुलिस ने संभाला मामला

# महिला आयोग की सुनवाई में छात्राओं व प्रबंधन ने लगाए आरोप-प्रत्यारोप

*चेयरपर्सन ने कमेटी गठित कर विवाद के निपटारे के लिए मांगा एक सप्ताह का समय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**लघु सचिवालय सभागार में चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने महिला विरुद्ध अपराध व अन्य मामलों पर की सुनवाई**

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में महिला विरुद्ध अपराध व अन्य मामलों पर सुनवाई की। सुबह साढ़े 11 बजे शुरू हुई सुनवाई देर शाम तक चली। सुनवाई में नारनौंद क्षेत्र के गांव कागसर में खुशी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं और प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद छाया रहा। करीब अढ़ाई घंटे तक छात्राओं व प्रबंधन ने एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए। एक समय तो ऐसा आया जब हाथापाई की नौबत तक आ गई थी, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने मामले को संभाला और दोनों पक्षों को अलग-अलग करना पड़ा। आखिर में आयोग की चेयरपर्सन ने विवाद के निपटारे को लेकर एक कमेटी गठित करने के आदेश दिए हैं। यह कमेटी एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी। कमेटी में कॉलेज की पांच छात्राओं, 5 अभिभावकों और कॉलेज प्रबंधन की तरफ से कॉलेज चेयरमैन, प्रिंसिपल तथा सचिव को शामिल किया गया है। छात्राओं द्वारा कॉलेज से माइग्रेशन की अनुमति देने संबंधी रखी गई मांग पर चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि वे अपने वकील माइग्रेशन के नियमों की जानकारी लेंगे, तभी किसी नतीजे पर पहुंचा जाएगा।

इससे पूर्व महिला आयोग की सुनवाई के दौरान चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मीडिया कर्मियों को कवरेज करने से रोक दिया। उन्होंने इसे अहम पहलू बताते हुए कहा कि वे इसकी कवरेज न करें और बाहर चले जाएं। सुनवाई के दौरान एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता को भी आयोग ने तलब किया हुआ था।



हिसार। जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायतों की सुनवाई करते हुए राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

### 25 साल से कोई दाग नहीं, सख्ती से दिक्कत

कॉलेज चेयरमैन जगदीश गोस्वामी ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से कॉलेज चला रहे हैं और कॉलेज या उन पर एक भी दाग नहीं है। उन्होंने कॉलेज में नियम सख्त किए हैं, असली दिक्कत छात्राओं को उनसे हो रही है। उन्होंने बताया कि नई वार्डन आने के बाद सुबह 6 बजे से छात्राओं को उठाकर योग करवाया जाता है। यहां तक कि छात्राओं के पर्सनल पार्सल पर भी रोक लगा दी है, असली दिक्कत यहीं से शुरू हुई है। सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रबंधन ने छात्राओं के सभी आरोपों का चेयरपर्सन भाटिया के सामने जवाब भी दिया।

### देर शाम तक चली सुनवाई

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने देर शाम तक सुनवाई की। इस दौरान करीब 38 मामलों पर सुनवाई हुई। चेयरपर्सन ने सभी मामलों की सुनवाई के उपरांत पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार तय समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि सभी मामलों का न्यायोचित निपटान हो। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं तथा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत चेयरपर्सन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं से जुड़े सभी मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### ये बताया छात्राओं ने चेयरपर्सन को

इससे पूर्व छात्राओं ने चेयरपर्सन को बताया कि कॉलेज में सुरक्षा का भी अभाव है। हॉस्टल का माहौल डर पैदा करने वाला है। कई छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज चेयरमैन जगदीश देर रात शराब के नशे में हॉस्टल पहुंच जाता है। इससे छात्राएं भय के साए में रहती हैं। चेयरमैन की पत्नी भी उन्हें गालियां देती हैं। छात्राओं ने आयोग के सामने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चेयरमैन उन लड़कियों का खास ख्याल रखता है जो उसकी बात मान लेती हैं। उनका सरेआम बर्थडे मनाया जाता है, जबकि विरोध करने वाली लड़कियों को नाजायज तरीकों से परेशान किया जाता है। हॉस्टल का माहौल ऐसा बनाया जाता है कि छात्राएं लगातार दहशत में जीती हैं। छात्राओं ने बताया कि बीमार होने की स्थिति में भी उन्हें अस्पताल ले जाने की अनुमति नहीं दी जाती। पढ़ाई का हाल भी बेहद खराब है। कॉलेज में सिर्फ दो अध्यापिकाएं हैं और तीसरे-चौथे वर्ष की छात्राओं से पहले दूसरे वर्ष की क्लास चलती हैं। निरीक्षण के समय यूनिवर्सिटी की टीम आने पर भी छात्राओं से काम करवाया जाता है, ताकि व्यवस्थाओं की कमी उजागर न हो सके। छात्राओं ने यह भी बताया कि कॉलेज में दूध और पानी गर्म करने के लिए अकाउंटेंट 10 रुपये चार्ज करता है। कॉलेज में फीस और जुर्माना वसूली के नाम पर अनियमितताएं हो रही हैं। समय पर फीस जमा न होने पर स्टाफ द्वारा परेशान किया जाता है। हॉस्टल में बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। न साफ पानी, न साफ-सफाई और न ही उचित भोजन, न पढ़ाने की लिए स्टाफ है।

---



हिसार। कृषि मंत्री का स्वागत करते चेयरमैन सोनू सिहाग व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

# चेयरमैन सोनू डाटा के निवास पर पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

- चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और भविष्य की आवश्यकताओं पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राज्य के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा जिला परिषद चेयरमेन सोनू सिहाग डाटा के निवास पर पहुंचे। यहां क्षेत्र की कृषि स्थिति, किसानों की चुनौतियों और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान जिला परिषद के चल रहे कार्यों और नीतियों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चेयरमेन सोनू सिहाग डाटा ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और भविष्य की आवश्यकताओं पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया कि किसानों व ग्रामीण जनता के हित में सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।

# हत्या मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

**आरोपी को अदालत में पेश कर भेजा जेल**

आदमपुर पुलिस ने धक्का बस्ती निवासी बलबीर सिंह की हत्या मामले में दो साल से फरार पांचवे आरोपी मल्लापुर निवासी शेर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किय गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एएसआई रामनिवास ने बताया कि 10 दिसंबर 2023 को धक्का बस्ती निवासी कनु उर्फ राहुल की शिकायत पर लड़ाई झगड़े में लगी चोट के कारण धक्का बस्ती निवासी बलबीर सिंह की मौत के बारे में नामजद तीन सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकायत में उसने बताया कि बलबीर और सुरेंद्र नागर से उसकी दोस्ती है। घटना से 3-4 दिन पहले सुरेंद्र नागर को आदमपुर निवासी अनिल थालोड़ ने धमकी दी थी और 9 दिसंबर की शाम वह और बलबीर मोटरसाइकिल पर बीडीओ ब्लॉक मंडी आदमपुर के सामने ठेका पर शराब लेने के लिये गए थे। वहां पर तीन मोटरसाइकिल व एक सफेद रंग की स्कारपियों में सवार 12-13 लड़कों ने इन पर लाठी डंडों, चैन से हमला कर गंभीर चोटें मारी। आस-पड़ोस के लोग आने पर वे सभी हमें जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गये।

---

# मुआवजा राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व हिसार जिला शहरी प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा 53 हजार 821 किसानों को 116 करोड़ रुपये मुआवजा राशि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 5 लाख 29 हजार किसानों की फसल खराब हुई है जो सरकारी पोर्टल पर दर्ज है।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत में शहरी प्रधान गर्ग ने कहा कि सरकार ने सिर्फ 10 प्रतिशत किसानो को थोड़ी बहुत मुआवजा राशि देने की घोषणा करना किसानों के साथ भद्दा मजाक है। सरकार को 5 लाख 29 हजार किसानों को मुआवजा राशि देनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि लगभग 31 लाख एकड़ से ज्यादा में फसल भारी बारिश व बाढ़ के कारण खराब हो गई है। पिछले साल भारी बारिश में ओलावृष्टि के कारण गेहूं व सरसों जो खराब हुई थी, उसका मुआवजा भी सरकार ने अब तक नहीं दिया है।



हिसार। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला शहरी अध्यक्ष बजरंग गर्ग। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर एससी सेल जिला ग्रामीण अध्यक्ष रतन बडगुज्जर, महिला जिलाध्यक्ष संतोष जून, सोनू लंकेश, विकास ढांडा, भारत सोनी, रोहित दलाल, रमेश चहर, राजेंद्र बंसल, मदन लाल, रामपाल, अनिल बिश्नोई आदि कांग्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।*

# एसपी ने सोशल मीडिया यूजर्स को चेताया

- भड़काऊ पोस्ट डालने पर हांसी पुलिस रख रही पैनी नजर
- अपराधी को गैंगस्टर कहकर महिमामंडन करने पर दी सख्त हिदायत
- प्रिंट मीडिया में खबरें संपादक द्वारा तथ्यों की जांच के बाद ही होती हैं प्रकाशित : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सोशल मीडिया पर अवैध और भ्रामक वीडियो अपलोड करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस और सत्यापन के यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर वीडियो अपलोड करना एक चलन बन गया है। व्यूज के लिए गलत सूचना तेजी से फैलाई जा रही है, जिससे समाज और सरकारी एजेंसियों को नुकसान होता है।

एसपी यशवर्धन ने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया हमेशा जनता के विश्वास का आधार रहा है। मीडिया एक्ट के तहत जिम्मेदार, तथ्य-आधारित और निष्पक्ष जानकारी देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रिंट मीडिया और मान्यता प्राप्त टीवी चैनलों में खबरें संपादक द्वारा तथ्यों की जांच के बाद ही प्रकाशित होती हैं। इसके विपरीत, सोशल मीडिया पर कई लोग बिना किसी प्रमाण के वीडियो अपलोड कर देते हैं। इससे सरकारी विभागों को अनावश्यक दबाव, कार्य में बाधा और गलतफहमी का सामना करना पड़ता है।



पत्रकारों से बातचीत करते एसपी अमित यशवर्धन।

### गलत जानकारी जनता में फैलाती है भय

एसपी यशवर्धन ने तथाकथित इन्वेस्टिगेशन जर्नलिज्म के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त की। एसपी ने कहा कि इसमें युवा न केवल गलत सूचनाएं फैलाते हैं, बल्कि आम नागरिकों के निजता के अधिकार (राइट टू प्राइवेसी) का भी गंभीर उल्लंघन करते हैं। एसपी ने विशेष रूप से अपील की कि सड़क दुघर्टनाओं, आत्महत्याओं, झगड़ों या किसी भी अन्य दुर्घटना की लाइव या सीधी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाएं। ऐसा करने से आम जनता में भय और अफरा-तफरी का माहौल बनता है। उन्होंने संवेदनशील घटनाओं को सनसनीखेज बनाने को पूरी तरह गलत बताते हुए गैंगस्टरों और अपराधियों को सोशल मीडिया पर हीरो की तरह दिखाने की प्रवृत्ति को बेहद खतरनाक बताया। एसपी ने स्पष्ट किया कि अपराधी को अपराधी ही रहने दें। सोशल मीडिया पर किसी भी अपराधी को गैंगस्टर बता कर उसका महिमा मंडन करना कानूनन अवैध है।

---

**जागरूकता** विशेषज्ञों की टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से कर रही कार्य

ढेलेदार त्वचा रोग एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जो पॉक्स वायरस से फैलता है

# हरियाणा में लम्पी स्किन डिजीज के बढ़ते मामलों पर लुवास ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा के विभिन्न जिलों में पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार ने पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

पशु चिकित्सा जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश खुराना ने बताया कि कुलपति डॉ विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में विशेषज्ञों की टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है तथा प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं की जांच और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ढेलेदार त्वचा रोग एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जो पॉक्स वायरस से फैलता है।



लंपी ग्रस्त गाय का फाइल फोटो।

### रोग के फैलाव के लिए यह हैं उपाय

लुवास की ओर से पशुपालकों को रोग के फैलाव को रोकने हेतु कुछ उपाय बताए गए हैं, जिनमें बीमार पशु को तुरंत अलग बाड़े में रखें, आइसोलेशन प्राथमिक उपाय है। इसी प्रकार पशुओं के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें, बाड़े को स्वच्छ, सूखा एवं हवादार रखें, मक्खी-कीट नियंत्रण जैसे नियमित रूप से मच्छर/मक्खीरोधी रसायन छिडक़ें अथा नीम की पत्तियों और गुग्गुल का धुआं भी अत्यंत भी प्रभावी, स्वस्थ पशुओं को फिटकरी या लाल दवा (0.1 प्रतिशत) से दिन में दो बार नहलाएं, घाव पर पानी न लगाएं और न ही उसे खुजाने दें, घाव में कीड़े आदी न पडऩे दें तथा पौष्टिक आहार और स्वच्छ पेयजल नियमित रूप से दिया जाए। इसके अलावा बीमार पशु को छूने के बाद स्वस्थ पशु के पास न जाएं, संपर्क के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं, बीमार पशु का उपचार केवल नजदीकी पशु चिकित्सालय/औषधालय की सलाह से करवाएं तथा घावों और जटिल लक्षणों का उपचार केवल विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में करवान सुनिश्चित किया जाए।

### सावधानी बरतें

डॉ. खुराना के अनुसार विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन ने इसे नोटीफाएबल ट्रांसबाउंडरी डिजीज की श्रेणी में रखा है। यह रोग संक्रमित पशु के संपर्क में आने या मच्छर, मक्खी एवं चीचड़ जैसे कीटों द्वारा तेजी से फैलता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह जूनोटिक नहीं है, यानी मनुष्यों में नहीं फैलता। इसलिए पशुपालक घबराएं नहीं, लेकिन सावधानी अवश्य बरतें।

### गर्म एवं नमी वाले मौसम में अधिक फैलता लंपी

पशु चिकित्सा रोग निदान विभाग से डॉ ज्ञान सिंह ने बताया कि यह रोग गर्म एवं नमी वाले मौसम में अधिक फैलता है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, शरीर पर गांठें या फोड़े, आंख-नाक से पानी आना, भूख कम हो जाना, पैरों में दर्द एवं सूजन, दूध उत्पादन में कमी, गर्भपात तथा थनों में सूजन शामिल हैं। बीमारी की रुग्णता दर 10 से 20 प्रतिशत तथा मृत्यु दर लगभग 1 से 5 प्रतिशत तक देखी जा रही है।

### स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण तत्काल करवाएं

डॉ ज्ञान सिंह ने बताया कि इसी प्रकार स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण तत्काल करवाएं और जिन पशुओं में लक्षण दिखाई दे रहे हों, उनका टीकाकरण न करवाएं। संक्रमित पशुओं को रोग समाप्त होने तक पशु मेलों/दूसरे क्षेत्रों में ले जाने पर सख्त पाबंदी है। लम्पी स्किन रोग गंभीर संक्रामक रोग है, परन्तु समय पर पहचान, पृथक्करण, मच्छर-नियंत्रण, स्वच्छता, पौष्टिक आहार व टीकाकरण से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

### नारनौंद नपा में अज्ञात वाहन ने लाइट के पोल तोड़े

**नारनौंद।** नगर पालिका क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से नए पोल व तिरंगा लाइट लगाने का काम चल रहा हैं। पूरे शहर में अब तिरंगा लाइटों से शहर जगमग कर रहा था कि गुरुवार को अज्ञात वाहन ने लाइटों के खंभों में टक्कर मार दी और अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से तिरंगा लाइटों के चार पोल बीच सड़क पर गिर गए गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। नगरपालिका के चेयरमैन शमशेर लोहान ने कहा कि अज्ञात वाहन ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी। जिससे कि बिजली के पोल टूट कर सड़क पर आ गिरे। इसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात वाहन की फुटेज देखी जा रही है ताकि उस पर मामला दर्ज करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमने पूरे शहर को जगमग करने के लिए नए बिजली के पोल व तिरंगा लाइट लगवाई थी।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style


# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।



## हॉलीवुड मसाला





# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगास्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगास्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेश पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### आर्म्स एक्ट में वांछित साहिल गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट से संबंधित एक मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान साहिल उर्फ गंजा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी हरिजन कॉलोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पूर्व भी इसी मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### जमानत के बाद फरार चल रहा उद्घोषित पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना शहर रतिया पुलिस ने लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुभाष पुत्र मिया सिंह निवासी वार्ड नंबर 16, रतिया है। आरोपी को अदालत द्वारा बार-बार अनुपस्थित रहने के कारण पी.ओ. घोषित किया गया था।

### महिला को टक्कर मारने का आरोपी चालक पकड़ा

**फतेहाबाद।** लापरवाही से वाहन चलाकर बुजुर्ग महिला को घायल करने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान पारस कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी वार्ड नंबर 7, शक्ति नगर, रतिया के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमे में शिकायतकर्ता सुनीता रानी निवासी चिम्मो ने बयान दर्ज कराया था कि 3 दिसंबर को वाहन चालक पारस मेहता ने तेज गति व लापरवाही से ड्राइविंग करते हुए पीछे से उनकी सास रामप्यारी उम्र 85 वर्ष को टक्कर मार दी।

### गांजे के साथ महिला गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए थाना शहर टोहाना के अंतर्गत आने वाली चण्डीगढ़ रोड पुलिस चौकी की टीम ने एक महिला को 762 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम बीरमति पत्नी रणधीर, निवासी भाटला, जिला हिसार बताया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बड़े अधिकारियों की कमी से कामकाज प्रभावित

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने कहा कि अनेक जिलों में सीनियर अधिकारियों की कमी के कारण प्रशासनिक कामकाज में क्षीणता देखी जा रही है। जिसके कारण अन्य अधिकारियों पर भी काम का बोझ बढ़ गया है। केडिया ने जारी बयान में कहा कि हरियाणा के छह जिले ऐसे हैं, जो बिना अतिरिक्त उपायुक्त के चल रहे हैं। जबकि प्रदेश में आईएएस अफसरों की पर्याप्त संख्या है। इसके बावजूद सरकार ने इन छह जिलों में एडीसी पद पर अफसरों की नियुक्ति नहीं की है।

### डेरा सच्चा सौदा में निःशुल्क आई कैंप शुरू

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा में निःशुल्क आई कैंप विधिवत रूप से शुक्रवार शुरू हो गया। राष्ट्रीय अंधता एवं दृश्य हानि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत इस कैंप का शुभारंभ प्रबंधकीय समिति के सदस्यों, शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से पहुंचे नेत्र रोग चिकित्सकों और शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने अरदास बोलकर किया।

### कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों ने किया संसद का दौरा

**सिरसा।** लाला हंसराज फुटेला कॉलेज ऑफ लॉ के फैकल्टी सदस्यों ने शुक्रवार को संसद का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य विधि शिक्षकों को भारत की संसदीय कार्यवाहीए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संवैधानिक संस्थानों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करना था। दौरे के दौरान फैकल्टी सदस्यों ने लोकसभा सत्र का अवलोकन किया और विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था को सक्रिय रूप में कार्य करते देखा। प्रतिनिधिमंडल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मिला।

## पुलिस टीम ने ड्रग के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

# खेल अकादमी पहुंची महिला पुलिस टीम, खिलाड़ियों को नशे और फेक सप्लीमेंट से दूर रहने का संकल्प दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवाओं को जागरूक और सुरक्षित बनाने संबंधी दिशा-निर्देशों के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने आज बौद्धिधर्मा स्पोर्ट्स अकैडमी फतेहाबाद में पहुंचकर प्रशिक्षण ले रहे खिलाडि़यों से संवाद किया और उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की।

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने खिलाडि़यों को खेलों के महत्व, अनुशासन, कठोर परिश्रम, टीमवर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण की भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी का जीवन अनुशासन, फिटनेस, सही आदतों और लक्ष्य पर फोकस से ही सफल बनता है।

उन्होंने खिलाडि़यों को विशेष रूप से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि नशा एक खिलाड़ी की क्षमता, स्टैमिना, मानसिक संतुलन और करियर दोनों को नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं को किसी भी प्रकार के ड्रग्स, स्मोकिंग, शराब, ड्रग्स-लाइसेंस्ड दवाओं का गलत उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी। निरीक्षक अरुणा ने फेक सप्लीमेंट, मिलावटी प्रोटीन पाउडर और अनधिकृत स्टेरॉइड्स के गंभीर नुकसान भी समझाए। उन्होंने कहा कि आजकल बाजार में कई तरह के नकली सप्लीमेंट बेचे जाते हैं, जिनका सेवन करने से शरीर को भारी नुकसान पहुंच सकता है, लिवर और किडनी खराब हो सकती है, और कई बार खिलाडि़यों का करियर डोपिंग के मामलों में भी खतरे में पड़ जाता है। खिलाडि़यों को सलाह दी गई कि वे केवल डॉक्टर अथवा अधिकृत पोषण विशेषज्ञ द्वारा सुझाए गए एवं प्रमाणित सप्लीमेंट ही लें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे।



फतेहाबाद। स्पोर्ट्स अकैडमी में खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करते महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा। फोटो : हरिभूमि

### साइबर क्राइम से बचने के दिए टिप्स

इसके साथ ही, महिला थाना प्रभारी ने खिलाडि़यों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फेक आईडी, फेक स्पॉन्सरशिप, मैसेज-फिशिंग, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग आदि से बचने के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि खिलाडि़यों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करना चाहिए, विशेषकर लोकेशन शेयरिंग, निजी चैट, अज्ञात लिंक अथवा फर्जी प्रोफाइल से सतर्क रहने की सलाह दी। निरीक्षक अरुणा ने खिलाडि़यों को यह भी प्रेरित किया कि वे खेल को कैरियर में बदलने के लिए अपना पूरा ध्यान अभ्यास, फिटनेस, पोषण और समय प्रबंधन पर दें। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस सही दिशा, निरंतर मेहनत और नकारात्मक चीजों से दूरी बनाकर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

## हरियाणा गोसेवा आयोग अध्यक्ष ने गोशाला संचालकों के साथ की बैठक

# गोशालाओं के रखरखाव के लिए सीधे खातों में भेजी जा रही राशि

गोशालाओं को 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रहे




सिरसा। गौशाला व नंदीशालाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते चेयरमैन श्रवण कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग ने कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित करके उसे धरातल पर लागू किया गया हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओं के लिए जो भी राशि भेजी जा रही है वह शत प्रतिशत राशि सीधे गौशालाओं के खातों में स्थानांतरित की जाती हैं। इसके साथ-साथ गौशालाओं को 2 रुपये पर प्रति यूनिट की दर से बिजली मुहैया करवाई जा रही है। गौशालाओं के लिए जमीन खरीदने पर भी रजिस्ट्री पर कोई स्टाम्प खर्च नहीं होता व सीएलयू लेने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी प्रकार विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये की राशि गौशालाओं को देने का काम किया जा रहा हैं। गौ संरक्षण के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग, संस्थाएं व पशुपालन विभाग बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य कर रहा है। श्रवण कुमार गर्ग शुक्रवार को सिरसा में विभिन्न गौशालाओं व नंदीशालाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके समक्ष गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखी, जिनका उन्होंने हरसंभव जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। गौशालाओं में सोलर प्लांट व गोबर गैस प्लांट लगाने पर कार्य किया जा रहा हैं। जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। गौमाता को सम्मान देने की दिशा में कई कार्य किए जा रहे हैं, सभी के सामूहिक प्रयास से कोई भी गौवंश लावारिस नहीं दिखाई देगा।

### जिले में 142 गोशालाएं

आयोग के वाइस चेयरमैन डा. पूर्ण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी बेसहारा गौवंश सडक पर न हो, इसके लिए व्यापक व्यवस्था बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। सभी के सामुहिक प्रयास से गौ संरक्षण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न गौशालाओं में शैड, सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं और समय पर ग्रांट भी उपलब्ध करवाई जा रही है। बेसहारा पशु को गौशाला में लाने पर गौशाला को तीन सौ रुपये से आठ सौ रुपये तक दिए जाने का प्रावधान है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा सुखविंद्र सिंह ने बताया कि जिला में कुल 142 गौशालाएं हैं, जिनमें से 138 गौशालाएं पंजीकृत हैं।

# पुलिस ने सीमावर्ती नाकों पर लगाए हाई रेजोल्यूशन कैमरे

पुलिस मुख्यालय पंचकूला व जिला हेड क्वार्टर सिरसा से पुलिस अधिकारी रखेंगे निगरानी : एसपी



**सिरसा।** जिले के साथ लगती पंजाब व राजस्थान की अंतरराज्यीय सीमाओं पर नशा तस्करों, अवैध हथियारों की तस्करी, अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसने के लिए सभी सीमाओं पर स्थापित नाकों पर हाई रेजोल्यूशन के सीसीटीवी कैमरे लगवाने में सिरसा पुलिस पंचकूला के बाद दूसरे पायदान पर रही है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि सिरसा पुलिस ने अब हाई-टेक टेक्नोलॉजी पर काम करना शुरु कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधी अब किसी भी कीमत पर सिरसा पुलिस की नजरों से बच नही पाएंगे। उन्होंने बताया की सीसीटीवी कैमरों की ऑनलाइन कवरेज या फुटेज पुलिस मुख्यालय पंचकूला व जिला हेडक्वार्टर सिरसा में बैठे पुलिस अधिकारी आसानी से अपराधियों पर नजर रख सकेंगे।

### 360 डिग्री कवरेज

एसपी ने बताया कि ये कैमरे आधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें नाइट विजन, हाई-रेजोल्यूशन रिकॉर्डिंग और 360 डिग्री कवरेज की पूरी सुविधा है। उन्होंने कहा कि इन कैमरों की मदद से नशा तस्करी, अवैध हथियार सप्लाई एवं अपराध पर पूर्ण रुप से नियंत्रण लगाने में पुलिस के लिए तीसरी आंख के रुप में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे राज्यों से जिला में प्रवेश करने वाले संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की पहचान के लिए विशेष उपयोगी है। नए सीसीटीवी में फेस रिकग्निशन की भी सुविधा है।

# नशा मुक्ति शिविर में 46 ड्रग पीड़ितों के लिए सैंपल



फतेहाबाद। तामसपुरा में कैम्प के दौरान लोगों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशे के खिलाफ मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा पीड़ितों के पुनर्वास एवं उपचार को लेकर जिला पुलिस के विशेष प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा गांव तामसपुरा में एक नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नशे से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान, चिकित्सकीय जांच, काउंसलिंग तथा उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश अपनी टीम सहित तथा आयुष विभाग की ओर से डॉ. जसविंद्र सिंह अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। दोनों विभागों की संयुक्त चिकित्सकीय टीमों ने शिविर के दौरान अत्यंत संवेदनशीलता और प्रोफेशनल तरीके से ड्रग पीड़ितों की जांच, काउंसलिंग और उपचार प्रक्रिया को संपन्न किया। शिविर में 17 नव-चिन्हित और 29 पूर्व-चिन्हित, इस प्रकार कुल 46 ड्रग पीड़ितों ने रिकॉर्ड दर्ज कराया। सभी व्यक्तियों की ब्लड सैंपलिंग, दवा उपचार, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा आगे की चिकित्सकीय फॉलो-अप प्रक्रिया सुनिश्चित की गई।

### शिविर लगाया

एसआई सुंदर ने बताया कि नशामुक्ति टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नशे की गिरफ्त में आए लोगों को समय पर उपचार एवं काउंसलिंग मिल सके। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त कर स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। शिविर के आयोजन में ग्राम पंचायत तामसपुरा का विशेष सहयोग रहा, जिसने पूरी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगों को शिविर के प्रति जागरूक किया तथा अधिक से अधिक प्रभावित व्यक्तियों को उपचार प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों ने बाल भवन के प्रशिक्षण केंद्रों का किया भ्रमण

सिरसा। नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय की आईटी कम आईसीटी सैल के अंतर्गत शिक्षण अभ्यास में गए महाविद्यालय के छात्राध्यापकों ने बीती 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक जन शिक्षण संस्थान एवं बाल भवन के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इस क्षेत्रीय भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार से संबंधित कौशलों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना बताया। जन शिक्षण व बाल भवन के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्रों को संस्थान के कार्यों, उद्देश्यों और उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजे कर्मचारी

- बिजली निगम के कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रोष जताया। यूनिट प्रधान विजय सैनी ने बताया कि यदि आपको कर्मचारी ट्रांसफर किए गए तो बिजली कर्मचारी जो लाइनों की जानकारी के अभाव में हादसों का शिकार होंगे। आए दिन बिजली कर्मचारी हादसों का शिकार होते हैं। सिटी सब यूनिट प्रधान कुलदीप सोनी ने बताया कि यहां से दूसरे सर्कल में ट्रांसफर कर दिए गए तो निगम का बहुत ही जरूरी कार्य डिफाल्टीगं अमाउंट किस जगह कितनी है, यह सब नई जगह नए स्टेशन पर पता नहीं चलेगी, जिससे निगम को रेवेन्यू लॉस होगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य तौर पर सतेंद्र मोंगा, राजेश जांगड़ा, रमेश बाबू, सुभाष फौजी, कुलदीप सोनी, ताराचंद, मनोहर लाल, मुन्ना सिंह, सुनील, जयदेव, अमन कंबोज, कुलदीप जांगड़ा, अनिल मुढ, राजेश, मदन कंबोज आदि मौजूद थे।



सिरसा। बिजली कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

### टोहाना में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**टोहाना।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन सब डिवीजन सिटी टोहाना कार्यालय के सामने दो घंटे तक चला। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट शहरी प्रधान सूरजमल नैन ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट सिटी सचिव सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान महासंघ ब्लॉक प्रधान बंसी, सह सचिव शमशेर, यूनिट सचिव सुरेश बिश्नोई, कैशियर मनदीप नैन, सब यूनिट धारसूल प्रधान सुरेश और सचिव दीपक सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सूरजमल नैन ने बताया कि यूनियन की केंद्रीय परिषद ने 1 दिसंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्युत विभाग हरियाणा को पत्र लिखकर इस नीति को लागू न करने का अनुरोध किया था। यूनियन का कहना है कि यह नीति तकनीकी और फील्ड कर्मचारियों के हित में नहीं है। यूनियन के अनुसार, यह नीति कर्मचारी विरोधी है और इसमें व्यावहारिक कठिनाइयां तथा सुरक्षा संबंधी जोखिम हैं। बिजली निगम का कार्य अन्य विभागों से भिन्न, अत्यंत तकनीकी, जोखिमपूर्ण और उपभोक्ता सेवा से सीधा जुड़ा हुआ है। प्रत्येक कार्यालय, शाखा और उपखंड की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियां और क्षेत्रीय परिस्थितियां अलग-अलग हैं। यदि यह पॉलिसी अपने वर्तमान स्वरूप में लागू की जाती है। इस अवसर पर एएफएम लोकेश, राजकुमार, रणधीर, लाइनमैन सर्वजीत, संजय और उदयवीर सहित अन्य कर्मचारी साथियों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

### कार और बाइक में टक्कर, युवक घायल

**भूना।** नाढोड़ी रोड पर शुक्रवार दोपहर को रिट्ज कार और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के कारण बाइक पर सवार होकर युवक घायल हो गया। घायल को पहले भूना सीएचसी ले जाया गया। वहां से डॉक्टर ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव नाढोड़ी निवासी सुरजीत सिंह बाइक पर सवार होकर अपनी ढाणी से हसंगा-नाढोड़ी रोड की ओर आ रहा था। इसी दौरान हसंगा से नाढोड़ी की ओर कार लेकर गवर्नमेंट स्कूल के टीचर जा रहे थे। जैसे ही सुरजीत सिंह खेत के रास्ते से मेन रोड पर चढने लगा तो उसकी बाइक की कार से टक्कर हो गई। हालांकि, कार चला रहे टीचर ने युवक को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन टक्कर टाली नहीं जा सकी। इससे वह बाइक सहित नीचे गिर गया।

## स्कूल में दो दिवसीय खेल मेले का समापन

# शांति निकेतन स्कूल में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भूना में आयोजित 18वां दो दिवसीय खेल मेला शुक्रवार को रंगारंग समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद शाखा के पूर्व प्रधान सुशील कुमार गिरधर और समाजसेवी कृष्ण कुमार पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल वनिता बंसल ने। संचालन प्रबंध निदेशक जसवीर बेनीवाल ने किया। मंच का कार्यभार उप प्राचार्य सुमित बिश्नोई ने संभाला। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।




भूना। शांति निकेतन स्कूल में प्रतिभागी विजेता खिलाड़ीयों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

रिले रेस प्रतियोगिता में लडक़ों की श्रेणी में प्रगति हाउस ने बाजी मारी, जबकि लड़कियों में जागृति हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। दर्शकों में सबसे अधिक रोमांच रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में लडक़ों की कैटेगरी में भक्ति हाउस ने जीत दर्ज की, वहीं लड़कियों की कैटेगरी में जागृति हाउस विजेता बना। गोला फेंक में अर्पित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्लो साइक्लिंग प्रतियोगिता में गगनदीप ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्रबंध निदेशक जसबीर बेनीवाल ने खिलाडि़यों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में अनुशासन और खेल भावना दोनों समान रूप से जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भी आज करियर बन रहा है।


### ये रहे मौजूद

समारोह के दौरान स्टाफ सदस्य राजविंदर कौर, गीता, शिल्पा अरोड़ा, सुनीता, डिंपल, शिल्पा, साक्षी, तमन्ना, खुशबू, रजनी, शिखा, सुमन, संतोष, सुमित, सुरेंद्र, विक्रम, संदीप डीपी, दलबीर, मनोज, सुदेश, डिंपल और गीता सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ मुहिम : गुरुनानकपुरा मोहल्ले में पुलिस ने खंगाले घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में नशा तस्करी का गढ़ माने जाने वाले गुरूनानकपुरा मोहल्ले में थाना शहर फतेहाबाद की टीम ने शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने गुरुनानकपुरा मोहल्ला में विशेष कॉम्बिंग व चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें क्षेत्र के कई पॉकेट्स को कवर कर संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने मोहल्ले की गलियों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखते हुए कई युवकों व राहगीरों की तलाशी ली। अभियान के दौरान पुलिस ने नशा प्रभावित पॉकेट्स पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कुछ संदिग्ध गतिविधियों को मौके पर ही रोकते हुए जागरूकता के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाया।



फतेहाबाद। गुरूनानकपुरा में तलाशी अभियान चलाती पुलिस टीम।

## खबर संक्षेप

### जयश्री श्याम मंडल के 25 वर्ष पूरे होने पर निशान यात्रा आज

**हिसार।** जयश्री श्याम मण्डल, कटपीस मार्केट के तत्वाधान में 13 दिसम्बर को सायं सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापिस हनुमान मंदिर पहुंचेगी। मंडल के प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी ने बताया कि ढोल-ढमाकों व बैंड बाजों के साथ निकाले जाने वाली निशान यात्रा में 251 निशान उठाये श्याम भक्तजनों के अलावा सैंकड़ों अन्य श्रद्धालु भी शामिल होंगे।

### निगम ने 44 बेसहारा पशुओं को भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम का बेसहारा पशुओं को पकड़े का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम की टीम ने वीरवार को आजाद नगर, कैमरी रोड, अमरदीप कॉलोनी, प्रेम नगर, प्रीति नगर और बालसमंद रोड सहित कई क्षेत्रों में अभियान चलाया। शुक्रवार को सेक्टर 1-4, मिलगेट रोड, आनंद निकेतन, 12 क्वार्टर रोड आदि क्षेत्रों से भी पशुओं को पकड़ा गया। दो दिनों में 44 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया।

### नवोदय में प्रवेश के लिए 3 सेंटरों पर देंगे छात्र परीक्षा

**नारनौंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय पाबड़ा में छठी कक्षा में प्रवेश परीक्षा के लिए नारनौंद उपमंडल में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए प्रशासन की तरफ से पूरी तैयारी कर ली गई है। एसडीएम विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 14 सेंटर बनाए गए है। नारनौंद उपमंडल में गवर्नमेंट हाई स्कूल नारनौंद, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बास में परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिनमें 710 छात्र परीक्षा देंगे।

### नगर निगम की टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने कार्य कर रही है। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को बड़वाली ढाणी से अतिक्रमण हटाने यह कार्रवाई मिली शिकायत के आधार पर की गई। इसके अलावा मिली शिकायत के आधार पर राजगुरु मार्केट से बरामदों को भी खाली करवाया गया।

### स्वच्छता के नियम तोड़ने पर 4 चालान किए

**हिसार।** स्वच्छता के नियमों तोड़ने पर नगर निगम की सख्ती लगातार जारी है। शुक्रवार को सीटीएल प्रदीप जाखड, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डु ने सेक्टर 14 के एक नंबर गेट के आस-पास के क्षेत्र में दो के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने व दो के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर चालान किए गए। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### ओशो ध्यान उपवन में दो दिवसीय कैंप संपन्न

**हिसार।** प्रसिद्ध संत ओशो के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ओशो ध्यान उपवन में आयोजित दो दिवसीय मेडिटेशन कैंप पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया। इसमें साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। ध्यान शिविर में साधकों ने ध्यान को दिनचर्या में अपनाने का संकल्प भी लिया। इस ध्यान शिविर में स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी संजय व मां सांची ने विभिन्न सत्रों के दौरान ओशो की देशनाओं व ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाया।

### बार एसो. ने मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**आदमपुर।** बार एसोसिएशन आदमपुर तहसील की एक बैठक प्रधान मदन लाडवी की अध्यक्षता मेंन हुई। इसमें मदन लाडवी ने कहा कि पटवारियों की तादाद की कमी से जनता को परेशानी होती है तो यह कार्य सरकार का है कि वह पटवारी के सभी खाली पद तुरंत प्रभाव से भरे ताकि किसी पटवारी को सहयोगी न रखने पड़े एवं आवश्यक कार्य समय पर हो सके।

### समरसता महायज्ञ के साथ पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में पांच दिवसीय स्वदेशी मेला धूमधाम से शुरू

# स्वदेशी वस्तुएं हमारी संस्कृति का प्रतीक ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





**हिसार।** : स्वदेशी मेले को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व समरसता महायज्ञ करके स्वदेशी मेले की शुरुआत करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

स्वदेशी विचारधारा की अलख जगाने एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में पांच दिवसीय स्वदेशी मेले का शुभारंभ हुआ। जनकल्याण की भावना से सेवा भारती स्कूल द्वारा समरसता महायज्ञ करके शुरुआत हुई। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने कबाड़ से जुगाड़ व भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा बेकार सामग्री से बनाई गई कृतियां देखकर दर्शक दंग रह गए। इसी भांति भाषण प्रतियोगिता में बच्चों की वक्तव्य प्रस्तुति देखकर लोग तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गए। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया।

### कृषि मंत्री ने स्टालों का किया निरीक्षण

मेले के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं हमारी संस्कृति का प्रतीक ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ भी है। स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक सुधार का माध्यम नहीं, बल्कि देश के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा संकल्प है। जब हम अपने किसानों, कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों के हाथों से बनी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तब हम देश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में सीधा योगदान देते हैं। स्वदेशी से केवल खर्च कम नहीं होता बल्कि स्वास्थ्य भी लाभदायक बना रहता है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा स्वदेशी मेले में स्टालों का निरीक्षण करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे स्वदेशी मेलों का दायरा और बड़ा किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, हिसार जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, सीडीएलयू के उप कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार, अखिल भारतीय मेला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच सतिंदर बरियार, उप कृषि निदेशक राजवीर सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी भीमसेन, प्रदीप बामल, सचिन भुटानी, अनिल गोयल, संजीव, भूपेंद्र, भारत भूषण, डॉ अविनेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

#### मेले में यह रहे उपस्थित

*स्वदेशी मेले के प्रथम दिवस स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल, मेला संयोजक दिनेश चुघ, मेला सह संयोजक सुमन ऐरन व प्रदीप बामल, मेला प्रमुख संजीव शर्मा, स्कूल संपर्क प्रमुख मोना जैन, प्रतियोगिता प्रमुख ऋचा जांगड़ा, कार्यक्रम प्रमुख डॉ. अनिल कुमार व कमलदीप अत्री, मेला प्रचार प्रमुख पुनीत खुराना, स्टॉल प्रमुख ऋतुराज, अतिथि सत्कार प्रमुख राकेश चराया, युवा प्रमुख सोनिया श्योदान व महिला प्रमुख स्नेहलता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

#### सता रही चिंता

स्वदेशी को अपनाने का आह्वान स्वदेशी मेले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत सुमित सातरोड़ ने अपनी मंडली के साथ रागनी प्रस्तुत करके हरियाणा की संस्कृति, शौर्य व परम्पराओं से साक्षात्कार करवाया। घड़वे की थाप व बैंजों की धुनों के साथ सुमित सातरोड़ ने रंग जमा दिया और खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्रीनिवास शर्मा बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। इनके साथ कर्णप्रताप सिंह, नवीन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मोहित बंसल, जनक कुमार व सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रीनिवास शर्मा ने उद्यमिता एवं स्वरोजगार पर प्रेरक उदबोधन देकर स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी

### 28 किलो गांजा के साथ तीन काबू

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने 28 किलो गांजा के साथ गांव कुंभा व हाल भिवानी रोड़ हांसी निवासी सरजू तथा पेहवा व हाल कुंभा निवासी श्योराम व कुंभा निवासी दास को गिरफ्तार किया है। सीआईए इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी पाली गांव के बण में कुछ व्यक्ति नशीला पदार्थ लिए हुए घुम रहे है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सूचना अनुसार बताए गए स्थान पर पहुंचकर तीन व्यक्तियो को हिरासत में लेकर मौके पर राजपत्रित अधिकारी के सामने नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से 28 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### नशा तस्कर पर पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई

**हिसार।** पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत सक्रिय नशा तस्कर को जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अक्षित उर्फ घोड़ा उर्फ विजय पर कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ हाल ही में एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना बरवाला, आदमपुर और शहर हिसार में पांच केस दर्ज है, जिनमें पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ बरामद किए गए थे। फिलहाल ये मामले अदालत में विचाराधीन हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार हिसार पुलिस अब तक कुल 8 पेशेवर नशा तस्करों को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज चुकी है। पुलिस की यह कार्रवाई नशे के अवैध व्यापार की जड़ों पर प्रहार करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### शिविर के दौरान 5 हजार 775 शिकायतों का समाधान

**हिसार।** समाधान शिविर के दौरान जिले में अभी तक तक 5 हजार 775 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। वर्तमान में 526 शिकायतों पर विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही करने की हिदायत दी है। शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान उन्हें अवगत करवाया गया कि जून 2024 से अब तक जिला हिसार में कुल 8 हजार 425 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, वर्तमान में केवल 526 शिकायतें लंबित हैं। विभागों द्वारा अस्वीकृत, न्यायालयों में विचाराधीन मामलों को छोडक़र 5 हजार 775 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चंद्रलोक कॉलोनी में मकान से चोरी, एक काबू

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने चंद्रलोक कॉलोनी स्थित मकान से आभूषण चोरी के मामले में आजाद नगर निवासी वीरेंद्र उर्फ कुली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा संपूर्ण आभूषण बरामद किए है। मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में चंद्रलोक कॉलोनी निवासी राजेश कुमार ने उसके घर से सोने के आभूषण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह अपने परिवार सहित किसी काम से बाहर गए हुआ था। जब वह 9 दिसंबर को घर आया तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला और लोहे की अलमारी से सोने के आभूषण गायब मिले। इसमें तीन तबीजी सोना, दो अंगूठी सोना, एक कंडी सोना, एक मंगलसूत्र सोना और एक अंगूठी व दो जोडी चुटकी गायब थे। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपी वीरेंद्र उर्फ कुली को गिरफ्तार किया है।

# भव्य बिश्नोई ने किया अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर



**आदमपुर।** विकास कार्यों के दौरान क्षेत्रवासियों से बातचीत करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई।

भाजपा युवा नेता भव्य बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। हर गांव में विभिन्न स्तर पर विकास कार्य चल रहे हैं। ज्यादातर विकास कार्य या तो पूरे हो चुके हैं या फिर अंतिम चरण में है। भव्य बिश्नोई क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रवासियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदमपुर के विकास की इसी गति को आगे बढ़ाया जाएगा और निरंतर उनका व कुलदीप बिश्नोई का प्रयास रहता है कि हलकावासियों की जो भी मांग हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

इस दौरान भव्य बिश्नोई ने एक करोड़ 90 लाख की लागत से बने आदमपुर मंडी बाईपास रोड, गांव बगला में 54 लाख रूपए की लागत से बने खाल निर्माण, गांव मोठसरा में 4 लाख रूपए की लागत से गली निर्माण, बीसी चौपाल में 4 लाख रूपए की लागत से बने कमरे, एससी चौपाल में 5 लाख रूपए की लागत बने कमरे, मंडी आदमपुर में एससी चौपाल से हाल कमरे, रविदास चौपाल में कमरा, नायक चौपाल में कमरे, खैरमपुर में 68 लाख 83 हजार से बनी फिरनी, सीसवाल में बिश्नोई चौपाल में 4 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक, घुड़साल में एससी चौपाल में 14 लाख 94 हजार की लागत से निर्माण कार्य, जाखोद में धानक चौपाल में हॉल कमरा व भागू शर्मा के चौक के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया।

### उगालन के नीरज ने आगरा में जीता गोल्ड मेडल



**नारनौंद।** नेशनल खेलो इंडिया डिपार्टमेंटल यूथ गेम्स चैंपिनयशिप आगरा में आयोजित की गई थी। इसमें डाक विभाग की तरफ से खेलते हुए नेशनल कबड्डी में गांव उगालन के नीरज ने टीम का नेतृत्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतने का काम किया। गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

गांव उगालन का नीरज करीब एक साल पहले ही खेल कोटे से डाक विभाग में सहायक शाखा पोस्ट मास्टर भर्ती हुआ था। वह अपनी प्रतिभा के दम पर ही डाक विभाग की टीम का कैप्टन चुना गया और उसके नेतृत्व में नेशनल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने का काम किया।

# आरपीएस स्कूल में बचपन का जादू कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** बचपन के जादू कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने बच्चे

आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बचपन का जादू समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीतपुरा गांव के सरपंच संदीप यादव, विद्यालय के संचालक डॉ. संदीप देसवाल, प्रधानाचार्या एकता सचदेवा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष शंख ध्वनि व दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया।

समारोह में नर्सरी के बच्चों ने कविताओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एलकेजी विनी द्वारा जंगल डांस व एलकेजी ट्विटी द्वारा मोबाइल थीम पर आधारित नृत्य विशेष रूप से आकर्षक रहे। यूकेजी के छात्रों ने स्टूडेंट लाइफ डांस के माध्यम से विद्यार्थी जीवन का खूबसूरत चित्रण किया। कक्षा पहली व दूसरी के छात्रों के जादू शो और बंदर डांस ने बच्चों व अभिभावकों को खूब हंसाया। वहीं पहली व दूसरी कक्षा की छात्राओं ने बचपन के दिन थीम पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक संदीप देसवाल ने बचपन का जादू समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रमों की सराहना की।

### निबंध में छात्रा तमन्ना रही प्रदेश में प्रथम




**नारनौंद।** एसबीएस स्कूल माढ़ा के छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के डायरेक्टर डॉ सुनील चहल व अन्य।

**नारनौंद।** एनएसएस द्वारा राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत करवाई गई। इसमें पूरे राज्य से एनएसएस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें एसबीएस स्कूल माढा की छात्रा तमन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निबंध प्रतियोगिता में राज्य में पहला स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के डायरेक्टर डाक्टर सुनील चहल ने बताया कि स्कूल के छात्र हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी स्कूल के छात्र गौरांश, तानिया, मुस्कान तथा रिद्धि 26 से 30 जनवरी तक तमिलनाडु में आयोजित होने वाली नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा इसी तरह हर वर्ष वार्षिक बोर्ड की परीक्षा में बहुत अच्छा परिणाम आ रहा है।

# छात्रों ने किया बैंकों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



**हांसी।** सैंट जेआरपी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया बैंकों का शैक्षणिक भ्रमण।

सैंट ज्योति राव फूले (जेआरपी) पब्लिक स्कूल के कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी कॉमर्स शिक्षिका जस्सी सैनी के नेतृत्व में शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक का दौरा किया। भ्रमण के दौरान एसबीआई बैंक में बैंक प्रबंधक अभिषेक उपमन्यु ने विद्यार्थियों को डिजिटल बैंकिंग, खातों के प्रकार, लेन-देन प्रक्रिया सहित विभिन्न बैंकिंग कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने यूको बैंक का भ्रमण किया, जहां बैंक प्रबंधक वीरेंद्र जोशी ने विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली और तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह जानकारी देते हुए सैंट जेआरपी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि बैंक शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग के बारे में वास्तविक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

### सीएम हांसी को पूरी तरह से जिला बनाने की लंबित मांग को पूरा करें : राजेन्द्र



**हिसार।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह से मांग की है कि वर्षो से लंबित हांसीवासियों की मांग पर हांसी को पूरी तरह से जिला बनाने की घोषणा करे। उन्होंने कहा कि इससे हलके में और आसपास के क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि पिछले कई वर्षो से हर वर्ग की तरफ से हांसी को जिला बनाने की मांग पुरजोर तरीके से की जा रही है। इसी मांग को लेकर आंदोलन भी किए गए। धरना-प्रदर्शन पर हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सरकार ने आंदोलन के बाद हांसी को जिला बनाने की ओर आंशिक रूप से कदम बढ़ाया किंतु आज तक हांसी पूरी तरह से जिला नहीं बन पाया। राजेन्द्र सोरखी के अनुसार मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों के दौरान स्वयं घोषणा भी की थी कि हांसी को जिला बनाया जाएगा तथा यहां उपायुक्त बैठा करेंगे।

**बैठक** | विधायक चंद्रप्रकाश ने वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का किया आह्वान

### जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

# जनता की आवाज मुखर करेगी 14 की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करके 14 दिसंबर की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने जनता दरबार आयोजित करके हलकावासियों की समस्याएं भी सुनी। चंद्रप्रकाश ने दावा किया 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली में आदमपुर हलके सहित हिसार जिले से हजारों कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस महारैली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं के विचार सुनने का अवसर मिलेगा। रैली में राहुल गांधी भाजपा द्वारा वोट चोरी करके सत्ता हासिल करने के घटनाक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा की सच्चाई जनता के समक्ष आ चुकी है। इसलिए वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बड़े-बड़े व झूठे दावे करके और वोट चोरी को अंजाम देकर सत्ता हासिल करने का काम किया है। ऐसी स्थिति में भाजपा को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।



**आदमपुर।** कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते विधायक चंद्रप्रकाश।

#### भाजपा की नीतियों से जनता परेशान

विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा की नीतियों व कार्यशैली से जनता बुरी तरह परेशान है। आदमपुर हलकावासी तो मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व पर्याप्त बिजली आपूर्ति के लिए जनता संघर्ष कर रही है। सरकार व संबंधित विभागों के ढुलमुल रवैये का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

